आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 06.03.2019

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली पहली बार भारत में बने कोचों को विदेश में निर्यात करने की ओर अग्रसर हो रहा है। इसी संदर्भ में, मोजाम्बिक रेलवे के प्रतिनिधि श्री मिगुएल जोश माटाबेल, अध्यक्ष/सीएफएम बोर्ड सहित 4 अन्य बोर्ड मेम्बरों ने आज दिनांक 06.03.2019 को आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण की अगुआई श्री इंद्रजीत सिंह, मुख्य अभिकल्प अभियंता, आरेडिका ने की। निरीक्षण के दौरान मोजाम्बिक रेलवे के प्रतिनिधियों को कारखाने में हो रहे उत्पादन कार्यों, कोचों की गुणवत्ता एवं संरक्षा संबंधी मापदंडों का विस्तृत जानकारी दी गई।

मोजाम्बिक रेलवे द्वारा आरेडिका को केप गेज (1067 मीमी) के विभिन्न प्रकार के 90 कोचों का उत्पादन कर निर्यात करने का प्रस्ताव दिया जाना है। जिसमें प्रथम श्रेणी के 6 कोच, द्वितीय श्रेणी के 20 कोच, तृतीय श्रेणी 52, एसी तथा नॉन एसी रेस्टूरेंट कार 06 कोच, जेनरेटर कार 3 कोच एवं लगेज वैन 3 कोच सम्मिलित हैं।

आरेडिका के महाप्रबंधक सभागार में कोच उत्पादन से संबंधित एक प्रस्तुति, श्री अनुप कुमार, प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता की अध्यक्षता में मोजाम्बिक रेलवे के प्रतिनिधियों को दी गई। जिसमें श्री आलोक कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी तथा अन्य प्रधान विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

(आर. पी. शर्मा)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी